# पाठ - 12

# खत्म हो जाए तो ?

---

## पृष्ठ 110 पर चित्र देखकर लिखो


**Q1. कौन-कौन-सी गाड़ियाँ दिख रही हैं?**

**उत्तर :** मुझे इस चित्र में बस, कार, ऑटो रिक्शा, स्कूटर तथा मोटरसायकल दिख रही हैं।

**Q2. ये किस-किस चीज से चलती होंगी?**

**उत्तर :** ये पेट्रोल तथा डीजल से चलती हैं।

**Q3. चित्र में दिए गए जिस-जिस वाहन में से धुंआ नहीं निकलता, उस पर लाल निशान लगाओ।**



**उत्तर :**



**Q4. कौन-कौन से वाहन बिना पेट्रोल, डीज़ल से चलने वाले हैं?**

**उत्तर :** स्वयं करे |

**Q5. वाहनों के तेज़ हॉर्न से हमें क्या-क्या परेशानी होती है? बताओ**

**उत्तर :** स्वयं करे |

## बताओ

**Q1. क्या तुम साइकिल चलाते हो? यदि हाँ, तो उससे कहाँ-कहाँ जाते हो?**

**उत्तर :** हाँ, मैं साइकिल चलाता हूँ। साइकिल से मैं स्कूल, बाजार, तथा पार्क में खेलने जाता हूँ।

**Q2. तुम स्कूल किस तरह आते हो?**

**उत्तर :** मैं स्कूल साइकिल से आता हूँ।

**Q3. तुम्हारे परिवार के लोग घर से बाहर काम पर कैसे-कैसे जाते हैं?**

**उत्तर :** मेरे पिताजी अपनी कार से तथा मेरी माँ ऑटो रिक्शा या बस से तथा मेरे चाचाजी मोटरसाइकिल से बाहर जाते हैं।

**Q4. क्या गाड़ियों से निकलने वाले धुंए से हमें कुछ परेशानी हो सकती है? किस तरह की?**

**उत्तर :** हाँ। गाड़ियों से निकलने वाले धुंए की वजह से हमें अनेक तरह की परेशानी हो सकती है। जैसे खाँसी, मितली आना, सदर्द एवं फेफड़े संबंधी अन्य बीमारियाँ।

**Q5. क्या गाड़ियों के तेज़ हॉर्न से हमें कुछ परेशानी हो सकती है? किस तरह की? ।**

**उत्तर :** स्वयं करे |

## पता करो

**Q1. भारत में तेल के भंडार किस-किस राज्य में हैं?**

**उत्तर :** भारत में असम, गुजरात, महाराष्ट्र तथा आन्ध्र प्रदेश में तेल के भंडार हैं।

**Q2. जमीन के बहुत अंदर से तेल के अलावा और क्या-क्या मिलता है?**

**उत्तर :** जमीन के अंदर से तेल के अलावे कई तरह के खनिज जैसे कोयला, लोहा, ताम्बा, सोना, बॉक्साईट आदि मिलते हैं।

**Q3. सड़क पर चलने के नियम पता करो और उन पर कक्षा में चर्चा करो।**

**उत्तर :** स्वयं करे |

**Q4. पेट्रोल, डीज़ल का इस्तेमाल हमें सोच-समझकर करना चाहिए। सोचो क्यों?**

**उत्तर :** स्वयं करे |

## लिखो

**Q1. गाड़ी चलाने के लिए किस-किस चीज का इस्तेमाल हो सकता है?**

**उत्तर :** गाड़ी चलाने के लिए पेट्रोल, डीजल, सी.एन.जी., एल.पी.जी., बैट्री तथा सौर उर्जा का इस्तेमाल हो सकता है।

**Q2. अगर इसी तरह सड़कों पर वाहनों की संख्या बढ़ती रही, तो क्या-क्या समस्याएँ हो सकती हैं? जैसे सड़क पर ट्रैफिक बढ़ जाएगा। बड़ों से बात करके अपने विचार लिखो।**

**उत्तर :** अगर वाहनों की संख्या इसी तरह सड़कों पर बढ़ती रही तो प्रदूषण, सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाएँ बढ़ जाएगी।

**Q3. मंजू ने कहा, "सब बस में क्यों नहीं जाते?' सभी लोग बस में सफर क्यों नहीं करते?**

**उत्तर :** चूँकि बसों में काफी भीड़ रहती है तथा बसों से लोग अपनी सुविधानुसार समय से सभी जगह पर नहीं पहुँच पाते इसलिये लोग बस में सफर नहीं करना चाहते हैं।

**Q4. बत्ती पर रुकी गाड़ी के इंजन बंद कर देने के क्या-क्या फ़ायदे हैं?**

**उत्तर :** स्वयं करे |

**Q5. सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या से आई परेशानियों को कम करने के लिए कुछ तरीके सुझाओ।**

**उत्तर :** सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या से आई परेशानियों को कम करने के लिए निम्नांकित तरीके हो सकते हैं-अधिक से अधिक संख्या में लोक वाहन चलाये जाने चाहिए। लोग अपने दोस्तों के साथ साझा कर कार में जा सकते हैं। सड़कों की चौड़ाई बढ़ाई जानी चाहिए। ट्रैफिक समझ बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

## पता करो और लिखो

**Q1. कितना तेल लगे?**

| कितना तेल लगे? | स्कूटर | कार | ट्रैक्टर |
|---|---|---|---|
| ये एक बार में कितना पेट्रोल/डीज़ल भर पाए? | | | |
| ये एक लीटर पेट्रोल/डीज़ल से कितनी दूर जाए? | | | |

**उत्तर :**

| कितना तेल लगे? | स्कूटर | कार | ट्रैक्टर |
|---|---|---|---|
| ये एक बार में कितना पेट्रोल/डीजल भर पाये? | 10 लीटर | 30 लीटर | 40 लीटर |
| ये एक लीटर पेट्रोल/डीजल से कितनी दूर जाये? | 50 कि.मी. | 12 कि.मी. | 8 कि.मी. |

**Q2. हर शहर में पेट्रोल की कीमत अलग होती है। इस तालिका में चेन्नई में पेट्रोल और डीजल की कीमत दी गई हैं। इसे देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर: दो।**

| तेल लीटर की कीमत लगभग) | सन् 2002 में एक लीटर की कीमत (लगभग) | सन् 2007 में एक लीटर की कीमत (लगभग) |
|---|---|---|
| पेट्रोल | ₹. 28 | ₹. 47 |
| डीज़ल | ₹. 18 | ₹. 33 |

**(i) ………… सालों में पेट्रोल की कीमत ………… रुपए बढ़ी और डीजल की कीमत ………… रुपए बढ़ी।**

**(ii) सन् 2007 में डीजल और पेट्रोल की कीमत में क्या अंतर था?**

**उत्तर :**

(i) 5 (पाँच) सालों में पेट्रोल की कीमत 19 रुपए बढ़ी और डीजल की कीमत 15 रुपए बढ़ी।

(ii) सन् 2007 में डीजल और पेट्रोल की कीमत में 14 रुपये का अंतर था।

## पता करो लिखो

**Q1. तुम्हारे इलाके में आजकल पेट्रोल और डीजल की कीमत क्या है?**

**उत्तर :** मेरे इलाके में पेट्रोल 68 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 45 रूपये प्रति लीटर है।

**Q2. पेट्रोल और डीजल की कीमत क्यों बढ़ रही है?**


**उत्तर :** पेट्रोल और डीजल का उत्पादन कम है तथा खपत बहुत ज्यादा होने से इनकी कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

**Q3. तुम्हारे घर में एक महीने में कितना पेट्रोल और डीजल खर्च होता है? किस-किस काम में?**

**उत्तर :** मेरे घर में एक महीने में 50 लीटर पेट्रोल तथा 10 लीटर डीजल खर्च होता है। पेट्रोल तथा डीजल का उपयोग आने जाने के लिये गाड़ियों में होता है।

## पोस्टर को देखकर लिखो

**Q1. एक पोस्टर नीचे दिया हुआ है।**




**(i) तेल का इस्तेमाल कहाँ-कहाँ होता है?**

**(ii) डीजल कहाँ-कहाँ इस्तेमाल किया जाता है? पता करो?**

**उत्तर :**
(i) तेल का इस्तेमाल ड्राई क्लीनिंग, गाड़ियों तथा हवाई जहाज के ईंधन, पेंट तथा प्लास्टिक में, घरों में खाना बनाने आदि के लिए होता है।

(ii) डीजल का इस्तेमाल बस, ट्रक, ट्रैक्टर, जनरेटर आदि में किया जाता है।



## सोचो और चर्चा करो

**Q1. तुम्हारे गाँव या शहर में एक हफ्ता पेट्रोल या डीजल नहीं मिले तो क्या होगा?**

**उत्तर :** यदि मेरे गाँव यो शहर में एक हफ्ता पेट्रोल या डीजल नहीं मिले तो काफी समस्या उत्पन्न हो जायेगी। गाड़ियों का चलना बंद हो जायेगा। मिलें तथा कई फैट्रियाँ बंद हो जायेंगी। जनरेटर नहीं चलने से पावर कट के समय पावर बैक अप नहीं मिलेगी।

**Q2. तेल बचाने के तरीके सुझाओ।**

**उत्तर :** तेल बचाने के लिए निम्नांकित तरीके अपनाये जा सकते हैं लोक वाहनों का अधिक से अधिक उपयोग निजी वाहनों का कम से कम उपयोग लाल बत्ती तथा रेलवे क्रॉसिंग परे गाड़ियों का ईंजन बंद कर देना चाहिए सौर उर्जा का अधिक से अधिक प्रयोग दाल, चावल आदि को पकाने से पहले भिगो देना चाहिए। चर्चा करो

## चर्चा करो

**Q1. क्या तुमने कभी सूखी लकड़ियाँ इकट्ठी की हैं या उपले बनाए हैं? उपले कैसे बनाते हैं?**

**उत्तर :** हाँ मैनें जाड़े के मौसम में आग जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ इकट्ठा की हैं। मैने उपले नहीं बनाये हैं। उपले बनाने के लिए गाय या भैंस के गोबर में भूसा मिलाकर उसे गोल या लम्बे आकार देकर धूप में कई दिनों तक सुखाया जाता है। सूख जाने पर ये उपले कहलाते हैं।

**Q2. क्या तुम किसी को जानते हो जो चूल्हे जलाने के लिए गिरी हुई सूखी टहनी या पत्ते इकड़े करते हैं?**

**उत्तर :** हाँ, मैने कई लोगों को चूल्हे जलाने के लिए गिरी हुई सूखी टहनी या पत्ते इकड़े करते हुए देखा है।

**Q3. तुम्हारे घर में और आस-पास खाना बनाने की जिम्मेदारी किसकी है?**

**उत्तर :** मेरे घर में खाना बनाने की जिम्मेदारी मेरी माँ की है। आस-पास के घरों में भी प्रायः खाना बनाने की जिम्मेदारी औरतों की ही हैं।

**Q4. अगर वे लकड़ी या उपलों पर खाना पकाते हैं तो धुंए से किस तरह की परेशानी होती होगी?**

**उत्तर :** हाँ, लकड़ी या उपलों पर खाना पकाने में काफी धुंआ निकलता है, इससे खाँसी, सरदर्द तथा फेफड़े की कई अन्य बीमारियाँ हो सकती हैं।

**Q5. क्या दुर्गा लकड़ी की जगह किसी और चीज का इस्तेमाल कर सकती है? क्यों नहीं?**

**उत्तर :** हाँ दुर्गा लकड़ी की जगह किरासन तेल को इस्तेमाल कर सकती है। लेकिन वह गैस का इस्तेमाल नहीं कर सकती क्योंकि वह गरीब है।

## अपने घर मैं बड़ो से पता करो

**Q1. जब वे बच्चे थे तब उनके परिवार में खाना पकाने के लिए किन चीजों का इस्तेमाल होता था?**

**उत्तर :** कोयला, लकड़ी तथा केरोसीन।

**Q2. पिछले दस सालों में तुम्हरे इलाके में खाना पकाने के लिए किस चीज का इस्तेमाल बढ़ा है और किस चीज का घटी है?**


**उत्तर :** पिछले दस सालों में मेरे इलाके में खाना पकाने के लिए एल.पी.जी. का इस्तेमाल बढ़ा है, कोयला, लकड़ी, उपले, केरोसीन आदि का इस्तेमाल घटा है।

**Q3. अनुमान से बताओ अंगले दस सालों में किस चीज का इस्तेमाल बढ़ेगा और किस को घटेगा?**

**उत्तर :** अगले दस सालों में एल.पी.जी. का इस्तेमाल बढ़ेगा तथा केरोसीन, उपले, लकड़ी आदि का इस्तेमाल घटेगा।

## हम क्या समझे

**Q1. किसी कंपनी ने तुम लोगों के लिए एक नया वाहन जैसे-बस, मिनी बस का डिजाइन बनाने का मौका दिया है। तुम किस तरह की बसें चलाना चाहोगे? उसके बारे में लिखो और उसका चित्र बनाकर रंग भरो।**
**उत्तर :**



मैं एक ऐसी बस बनाना चाहूँगा, जो सौर उर्जा से चले, पर्यावरण के लिए उपयुक्त हो, अशक्त लोग तथा बच्चों के लिए भी उपयुक्त हो।


**Q2. बस का डिजाइन बनाते समय इन लोगों की सुविधा के लिए तुमने क्या-क्या सोचा? बुजुर्ग छोटे बच्चे जो लोग देख नहीं पाते।**

**उत्तर :** बुजुर्ग – लो-फ्लोर बसें छोटे बच्चे – खिड़की में ग्रिल तथा सीसे, सीट बेल्ट जो लोग देख नहीं पाते – दरवाजे तथा सीट के पास खुरदरी पट्टी।

**Q3. तेल के बारे में छपी खबरों को अखबार में से काटो और एक चार्ट पर चिपकाकर कोलाज बनाओ। उसे अपनी कक्षा में लगाओ और अपने कुछ विचार लिखो।**

**उत्तर :** स्वयं करे |

**Q4. तेल बचाने के लिए पोस्टर बनाकर उस पर नारा भी लिखो। पोस्टर कहाँ लगाना चाहोगे?**




**उत्तर :** नारा-"तेल बचाओ, जीवन बढ़ाओ" मैं इसे पेट्रोल पम्प पर लगाना चाहूँगा।